सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 357 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, शुक्रवार, 28 जून, 2024

A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN

SESSION 2024 - 2025

CLASS - 11 SCIENCE COMMERCE & ARTS

HOSTEL FACILITY AVAILABLE

AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS

FIT INDIA SCHOOL · TOP 500 · ISO 9001:2015

9934319186 | BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD

# हीरापुर पार्क मार्केट क़े जेनरल स्टोर में देर रात को लगी आग, लाखों का पूंजी स्वाहा

पोलिट लाइव रिपोर्टर






धनबाद: धनबाद हीरापुर क़े पार्क मार्केट की एक दुकान में शुक्रवार की देर रात को लगभग एक बजे भीषण आग लग गई.

जनरल स्टोर में धुआं और आज की लपटे देख लोगों ने अग्नि सामान विभाग को सूचना दी

सूचना पाकर पहुंची दमकल की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, परंतु तब तक पूरी दुकान जलकर राख हो गई. पवन कुमार मित्तल की सेंटर प्वाइंट नामक जेनरल स्टोर में रात लगभग एक बजे धुंआ और आग की लपटें देख गार्ड ने शोर मचाया और इसकी सूचना मालिक को दी. सूचना पाकर पहुंचे आस-पास के लोगों ने आग की भयावहता देख फायर की टीम को सूचना दी. घटनास्थल से बमुश्किल आधा किलोमीटर दूर फायर स्टेशन से त्वरित पहुंची दमकल की टीम ने आग बुझाने का काम आरंभ कर दिया और काफी मशक्कत के बाद उसपर काबू भी पाया, परंतु तबतक दुकान और उसमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया. दुकान के मालिक के अनुसार आगजनी की इस घटना में लगभग पचास लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है. आग शाट सर्किट से लगने की बात कही जा रही है. फिलहाल दमकल विभाग की टीम इसकी जांच कर रही है.






# वासेपुर का डाकघर भी सुरक्षित नहीं,करोड़ों का हुआ घोटाला, जांच शुरू

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : कोयलांचल में गैंगस्टरों से भरा मोहल्ला वासेपुर से एक बड़ा ही चौंका देने वाला मामला सामने आया है,जहाँ क़े नाम से ही खौफ़ खाते है, लोग अ सुरक्षित महसूस करते है, दरअसल उस वासेपुर में उपडाकघर भी सुरक्षित नहीं है,वहां 15 करोड़ रुपये की अवैध निकासी की गई है। और इस घोटाले का आरोप उपडाकघर के सब पोस्ट मास्टर सुमित कुमार सौरभ पर लग



रहा है। फिलहाल मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार 15 करोड़ रुपये की अवैध निकासी मामले में डाक विभाग द्वारा एक जांच टीम गठित की गई है, जो मामले में जांच शुरू कर चुकी है। जांच टीम की माने तो घोटाले का मामला यदि सही पाया जाता है, तो मामला सीबीआई को सौप दिया जाएगा। वहीं वासेपुर उपडाकघर के कर्मचारियों से इस बाबत पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि यहाँ से इस तरह की निकासी की गई है। जबकि आरोपित सब पोस्टमास्टर सुमित कुमार सौरव का झरिया तबादला हो चुका है। अब जांच क़े बाद ही मालूम हो पायेगा की घोटाला का असली सूत्र धार कौन है, ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी धनबाद के गोविंदपुर स्थिति केके पॉलिटेक्निक पोस्ट ऑफिस से करीब 10 करोड़ रुपये की अवैध निकासी की गई थी। जिसकी शिकायत सीबीआई से की गई थी।

## झारखण्ड विधानसभा चुनाव को ले कर दिल्ली में शरद पवार संग राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरीय नेता प्रभाकर प्रसाद ने की चर्चा

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी )के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद चंद्र पवार के साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरीय नेता प्रभाकर प्रसाद ने उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात हुई और साथ ही झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव पर भी चर्चा हुई आने वाले दिनों में पार्टी झारखंड के सभी सीटों पर अकेली चुनाव लड़ने का निर्णय ले सकती है प्रभाकर प्रसाद के साथ झारखंड की पूरी टीम भी राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात की तथा आगामी विधानसभा चुनाव को ले कर गहन चर्चा एवं रूप रेखा बनाई,

# विख्यात जादूगर शंकर सम्राट का आज से एक महीना का शो धनबाद रे टॉकिंज हॉल में

- जादू 64 कलाओं में सर्वश्रेष्ठ कला माना जाता है
- जादू मनोरंजन का सर्वश्रेष्ठ साधन है : जादूगर शंकर सम्राट

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: विख्यात जादूगर शंकर सम्राट का आज से एक महीना का शो धनबाद रे टॉकिंज हॉल में आरम्भ होने जा रहा है, जिसका उद्घाटन धनबाद विधायक राज सिन्हा शाम 7 बजे करेंगे, जादूगर शंकर सम्राट ने प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा की जादू मनोरंजन का सर्वश्रेष्ठ श्रेष्ठ साधन




है, वर्तमान समय में इस भाग दौड़ की जिंदगी में जादू मानव मस्तिष्क के विकारों को दूर करता है, उक्त बातें आज बैंक मोड़ स्थित, रे टॉकीज परिसर कार्यक्रम स्थल पर में कही, आगे उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य जादू से लोगों को दिमाग में अंधविश्वास को दूर हटाना हैं, लोग तंत्र मन्त्र के चक्कर में ना पड़े । जादू एक कला है, जो विज्ञान पर आधारित है। भारत में जादू 64 कलाओं में सर्वश्रेष्ठ कला माना जाता है और यही कारण है की यह कला विदेशो में काफी फल फूल रहा है । लेकिन हिंदुस्तान में यह कला लुप्त होते जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि आज जरूरत है इस लुप्त होती कला को धरोहर के रूप में बचाना है,जिसमें सभी लोगों का सहयोग आपेक्षित है, जादूगर शंकर सम्राट ने कहा कि मैं इस बार कोयलांचल की धरती धनबाद में कुछ नए आइटम लेकर आया हूं। जिसे लोग देखकर आश्चर्यचकित हो जाएंगे, ज्ञात हो की आज 28 जून को धनबाद के विधायक राज सिन्हा द्वारा इसका भव्य उद्घाटन किया जाएगा, जिसमें अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे.

## राजकीय आई.टी.आई, धनबाद में उद्यमी भारत अंतराष्ट्रीय एम.एस.एम.ई. दिवस के उपलक्ष्य में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, के स्थानीय कार्यालय शाखा एम. एस.एम.ई. विकास कार्यालय, धनबाद द्वारा 27 जून को को उद्यमी भारत अंतराष्ट्रीय एम. एस.एम.ई. दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय आई.टी. आई, धनबाद के प्रांगण में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य धनबाद जिले के स्थानीय उद्यमियों तथा भावी उद्यमियों को




भारत सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दऐना था। कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया एवं जानकारी प्राप्त किया। श्री उपेंद्र कुमार सिंह, मुख्झ प्रशिक्षण अधिकारी, राजकीय आई.टी. आई, धनबाद ने कार्यक्रम में स्झागत संबोधन एवं मंच संचालन किया। सुजीत कुमार, सहायक निदेशक, शाखा एम.एस.एम.ई. विकास कार्यालय, धनबाद ने योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला एवं प्रतिभागियों को एम. एस. एम. ई संबंधित भारत सरकार की योजना ओं के बारे में विस्मृत जानकारी दर्दा या एवं विकसित भारत के लिए एमएसएमई का योगदान पर विस्तार पूर्वक अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, धनबाद ने प्रतिभागियों को झारखंड सरकार द्वारा उद्यमियों के विकास हेतु उपलब्ध योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया एवं जिला उद्योग केन्द्र द्वारा हरसंभव मदद का आश्वासन दिया ।रोशन आनंद, मुख्य प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, धनबाद ने उद्यमियों के विकास हेतु उपलब्ध ऋण सुविधाओं के बारे में, आवेदन की प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्मावेजों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दिया, राकेश कुमार, मुख्झ प्रशिक्षक एवं प्लेसमेंट अधिकारी, राजकीय आई. टी. आई, धनबाद ने भी अपने विशेष मंतव्य उद्यमियों के समक्ष रखे, राजीव शर्मा, महा सचिव, जीटा, धनबाद ने एक सफल उद्यमी बनने के लिए सभी प्रतिभागियों को स्वरोजगार की स्थापना हेतु प्रेरित किया एवं उद्योग संगठन से मदद करने का आश्वासन दिया, सुश्री कल्पना झा, सफल उद्यमी, मैसर्स आव्या इंडस्ट्रीज़, गोविंदपुर, धनबाद ने भी अपने उद्यमी बनने के सफ़र के विषय में विस्तार से समझाया, सुजीत कुमार, सहायक निदेशक ने प्रतिभागियों को उद्यम पंजीकरण एवं पी एम विश्वकर्मा योजना

# मांगें पूरी हुए बिना पीछे नहीं हटेंगे - शिव गोपाल मिश्रा

**▶ पेंशन मामले में आरपार की लड़ाई होगी - मिश्रा जी की दहाड़**

पोलिट लाइव रिपोर्टर







धनबाद : ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के 33 वीं केन्द्रीय परिषद समिति की बैठक गुरुवार को रेलवे ऑडिटोरियम धनबाद में शुरू हुई। गुरुवार सुबह सियालदाह राजधानी एक्सप्रेस से कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआईआरएफ के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा तथा पटना से विशेष कोच से ईसीआरकेयू के अध्यक्ष डी के पाण्डेय एवं महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव के धनबाद स्टेशन पहुंचने पर अपर महामंत्री मो ज़्याऊद्दीन के नेतृत्व में रेलकर्मियों ने पुष्पहारों और जोरदार इंकलाबी नारों के साथ स्वागत किया। आडिटोरियम प्रांगण पहुंच कर यूनियन के झंडे को अध्यक्ष द्वारा फहराया गया। इसके बाद सभी के द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभागार में कॉम शिव गोपाल मिश्रा सहित ईसीआरकेयू के केन्द्रीय पदाधिकारियों द्वारा पंचदीप प्रज्ज्वलित कर बैठक की शुरुआत की गई।

ईसीआरकेयू के जोनल स्तर पर सम्पन्न हुए इस बैठक में अपर महामंत्री मो ज़्याऊद्दीन, एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा, ईसीआरकेयू के सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, संगठन मंत्री सौमेन दत्ता, नेताजी सुभाष तथा शाखा प्रतिनिधियों में सुनील कुमार सिंह, आर एन चौधरी, आई एम सिंह, बी के साव, बसंत दूबे, एन के खवास, आर के सिंह, पी के सिन्हा, ए के तिवारी, बी बी सिंह, चंदन शुक्ल, जे के साव, महेन्द्र प्रसाद महतो, ए के विश्वकर्मा, विश्वजीत, राजीव, शिवजी, प्रभाकर, शंभु, परशुराम, एम के मुकेश, जफर आलम, कौशल, सुबोध, एस के पाल, मो शबीर, राजकुमार, अमित कुमार, परमेश्वर, पवन, भानु, अमरजीत, अजय, प्रशांत, विमान मंडल, सी एस प्रसाद, रूचि कुमारी, सुजाता देवी, सुदर्शन, नागेन्द्र, शीतलाल गोप, एस चक्रवर्ती, अजीमुद्दीन, सुरेन्द्र, अजय सिन्हा, इजहार, श्वेता, दीपा कुमारी, अजय सिंह, ए के दास, इस्लाम, प्रभाकर, रणजीत, प्रदीप्तो सहित सैंकड़ों रेलकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जिला स्तरीय निपुण समागम TLM मेला जिला स्कूल धनबाद में आयोजित

**बिभिन्न प्रखंडो द्वारा अलग -अलग स्टॉल लगाया गया**

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : जिला स्तरीय निपुण समागम 2024 TLM मेला जिला स्कूल धनबाद में धनबाद जिला के बिभिन्न प्रखंडो के द्वारा अलग -अलग स्टॉल लगाया गया मेला का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक भुत नाथ रजवार, ADPO बिजय कुमार, बलियापुर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रीना कुमारी संयुक्त रूपसे फीता काटकर किया, मेला में बिभिन्न ब्लॉक् के शिक्षकों के द्वारा TLM का प्रदर्शन किया गया जिसे प्रदेश स्तरीय टीम के द्वारा काफ़ी सराहना किया गया i मेला में बलियापुर BPO राकेश कुमार प्रसाद, BRP नारायण पंडित, संकर गोराई, crp महेश प्रसाद, टिंकू रानी सरकार, दीपक कुमार, आनन्द कुमार, सोमनाथ नंदन सीमा साहनी, आमना खातून आदि उपस्थित था।

## अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस खेल.....

# खो खो प्रतियोगिता में दून पब्लिक स्कूल को खिताब

पोलिट लाइव रिपोर्टर




धनबाद : अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक डे के अवसर पर झारखंड ओलंपिक संघ के तत्वाधान में धनबाद जिला ओलंपिक संघ के बैनर तले जारी सप्ताह व्यापी खेल कार्यक्रम के पांचवे दिन आज कुसुम विहार, धनबाद स्थित दून पब्लिक स्कूल में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल के खेल विभागाध्यक्ष सह जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव मृदुल बोस के देख-रेख में बालिका वर्ग में आयोजित इस प्रदर्शनी मैच के दौरान ३५ अंकों के साथ दून पब्लिक स्कूल खो खो टीम विजेता बनी जबकि कुसुम विहार बालिका टीम को मात्र 15 अंक प्राप्त हुए। प्रतियोगिता के प्रारंभ में मुख्य अतिथि सुनील सिंह, जिला ओलंपिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी, कोषाध्यक्ष पवन बर्नवाल, स्कूल के उप प्राचार्य प्रियरंजन कुमार ने बारी बारी से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। मैच के निर्णायक के रूप में देवाशीष दे तथा जया चक्रवर्ती उपस्थित थी।

प्रतियोगिता के समापन के उपरांत विजेता तथा उप विजेता टीम को मुख्य अतिथि द्वारा ओलंपिक डे ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विजेता टीम के खिलाड़ियों में अपर्णा मण्डल ( कैप्टन) सृष्टि सिंह, सुमन कुमारी, श्रेष्ठा चटर्जी, आकृति महतो, रितु महतो, श्रेया कुमारी, वैभवी सिंह, रानी मण्डल, दिव्या हंसदा, दिव्यांशी तथा सिम्मी सिंह। उप विजेता टीम की खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं: सोबिया खान (कप्तान), प्राची कुमारी, अनुष्का कुमारी, सिम्मी प्रसाद, स्नेहा कुमारी, आयुषी कुमारी, पूनम कुमारी, रावी, शानवी सोरेन, दीपशिखा मण्डल, रितु राज तथा ध्रुवी कछावा।



# उपायुक्त ने किया बेलगड़िया टाउनशिप का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने जेआरडीए के अधिकारियों के साथ झरिया मास्टर प्लान के तहत विस्थापितों के लिए बनाए गए बेलगड़िया टाउनशिप और वहां रह रहे विस्थापितों के लिए बनाए गए आवास का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान उपायुक्त ने बेलगड़िया टाउनशिप की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। मौके पर जेआरडीए के महाप्रबंधक द्वारा जेआरडीए की एसओपी, शिफ्टिंग की अद्यतन स्थिति, इंफ्रास्ट्रक्चर की अद्यतन स्थिति, स्किल डेवलपमेंट सेंटर की अद्यतन स्थिति, सर्वे वेरीफिकेशन, आवंटन एवं स्थानांतरण, टाउनशिप एरिया के विकास, जमीन संबंधित समस्याएं, हाई रिस्क साइट्स, आवंटन, पुवर्नास, प्रपोज इंफ्रास्ट्रक्चर, लीगल टाइटल होल्डर (एलटीएच) एवं नॉन लीगल टाइटल होल्डर (नॉन एलटीएच) की सत्यापन स्थिति समेत कई बिंदुओं पर हुए प्रगति से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त द्वारा इससे संबंधित पदाधिकारियों को जल्द से जल्द शिफ्टिंग एवं विकास से संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर महाप्रबंधक जेआरडीए देवेन्द्र महापात्रा समेत जेआरडीए के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## बाइक चोर को बाइक मालिक बिनोद नगर निवासी एवं उनके साथियों ने खदेड़ कर टुंडी के लोधरिया के पास पकड़ा

पोलिट लाइव रिपोर्टर

टुंडी : धनबाद के कर्माटांड़ से गुरुवार को जेएच10सीएल/ 6778 नंबर की पल्सर बाइक चुरा कर भाग रहे बाइक चोर को बाइक मालिक धनबाद के विनोद नगर निवासी मोहम्मद राजा एवं उनके लगभग आधा दर्जन साथियों ने खदेड़ कर टुंडी के लोधरिया के पास पकड़ा। बाइक चोर को पकड़ने के बाद घटना की सूचना टुंडी थाने को देते हुए बाइक चोर को टुंडी पुलिस के हवाले कर दिया गया। छानबीन के क्रम में टुंडी पुलिस ने बाइक चोर के पास से एक मोबाइल भी जप्त किया है जिससे कई राज खुलने की उम्मीद है। पकड़ा गया बाइक चोर भी विनोद नगर निवासी सलामत अंसारी बताया जाता है। बाइक चोरी के इस मजेदार मामले में बाइक चोर ने भी अपनी बाइक चोरी होने की बात टुंडी पुलिस को बताई है तथा बाइक चोरी का आरोप पल्सर बाइक के मालिक पर ही लगाया है। छानबीन के क्रम में उक्त चोरी गया बाइक धनबाद के बैंक मोड़ थाना द्वारा जप्त करने की बात सामने आई है। टुंडी पुलिस द्वारा चोरी गए उक्त बाइक को बैंक मोड़ थाना से टुंडी थाना ले आया गया है। हालांकि इस दिलचस्प घटना का मास्टरमाइंड एक तीसरा व्यक्ति है जो फिलहाल फरार बताया जा रहा है। टुंडी पुलिस द्वारा दोनों बाइक चोरी के आरोपियों के मोबाइल को जप्त कर लिया गया है। टुंडी पुलिस का मानना है कि दोनों मोबाइलों में कई सारे सबूत कैद है घटना को लेकर छानबीन की जा रही है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि छानबीन में एक बड़े बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश हो सकती है।

# हरा भरा हो अपना धनबाद

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : हरा भरा और प्रदूषण मुक्त बनाने का संकल्प ले कर हरा भरा हो हमारा धनबाद समाजसेवी रमा सिन्हा के नेतृत्व में एक बैठक कर कोर कमेटी का गठन किया गया।

समाजसेवा में अग्रणी रहने वाली धनबाद की कुछ प्रमुख महिलाओं को लेकर सात सदस्यों की एक कोर कमेटी का गठन किया गया। बताते चलें कि आगामी 3 जुलाई को इस अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस मानसून में तीन से चार महीने तक चलने वाला ये अभियान में पौधा रोपण के साथ उसका संरक्षण और रख रखाव की पूरी जिम्मेदारी लेगी। श्री मती सिन्हा ने कहा "आने वाले समय में प्रचंड गर्मी और बढ़ते तापमान, पानी की समस्या बारिश का कम होना ग्लोबल वार्मिंग जैसे संकट से निपटने हेतु प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण की चिंता करनी होगी।"

हम सभी सदस्यों ने मिलकर मंदिर ,स्कूल, सरकारी कार्यलय, क्लब , गौ शाला आदि जगहों पर पौधा लगाने का निर्णय लिया।

साथ ही साथ जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

कोर कमेटी में रमा सिन्हा के साथ किरण सिन्हा, गीता गुप्ता, सुषमा प्रसाद, संगीता शर्मा, शिल्पा सिंह,शिल्पी सिन्हा शमिल हुई।बैठक के उपरांत सभी ने मिलकर एक पेड़ लगाया।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस दौड़ के विजेता, उपविजेता, तीसरे स्थान के खिलाड़ी को नगर आयुक्त ने किया सम्मानित



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद: जिला वालीबाल संघ एवं वालीबॉल कोचिंग सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में 23 जून अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर 3 किलोमीटर दौड़ का आयोजन वॉलीबॉल स्टेडियम से रणधीर वर्मा चौक, पूजा टॉकीज, कंबाइंड बिल्डिंग, गोल्फ ग्राउंड होते हुए वॉलीबॉल स्टेडियम में संपन्न हुआ था जिसमें विजेता हर्ष भारद्वाज, राहुल सिंह दूसरा स्थान, रोहित कुमार यादव तीसरा स्थान प्राप्त किया था आज नगर निगम नगर आयुक्त के कार्यालय में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में समारोह के मुख्य अतिथि नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने तीनों खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया उनके साथ उपनगर आयुक्त प्रकाश कुमार ने भी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया वही महासचिव सूरज प्रकाश लाल ने नगर आयुक्त एवं उपनगर आयुक्त को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस का मोमेंटो देकर स्वागत किया नगर आयुक्त ने कहा कि खिलाड़ियों को हर संभव हम मदद करेंगे खिलाड़ी अपना प्रैक्टिस निरंतर करते रहे कोई भी कठिनाई आने पर हम उसके साथ में हैं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य रूप से महासचिव सूरज प्रकाश लाल जितेन कुमार नीरज कुमार नीतीश कुमार रोहित मिश्रा उपस्थित थे.

# देवदूत बने धनबाद के नवीन

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : एस एन एम एम सी एच में haipo aplastik एनीमिया से पीड़ित जिन्दगी और मौत से जुझ रहे सिद्धार्थ के लिए नवीन ने अंकित राजगढ़िया की अपील पर sn-mmch में a पॉजिटिव sdp डोनेशन किया, 14 डोनर रिजेक्ट होने के बाद अखिरकार सिद्धार्थ के लिए नवीन भाई ईश्वर का रूप बनकर आए और sdp रक्तदान कर रहे है इनके जज़्बे को सलाम.

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (डीएसआर) को लेकर की गई सब डिवीजन स्तरीय कमेटी की बैठक

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में अवैध खनन को रोकने और खनन को सुचारू रूप से चलाने के लिए लघु खनिजों (बालू छोड़कर) जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (डीएसआर) को लेकर सब डिवीजन स्तरीय कमेटी की बैठक की गई। इस दौरान खनन विभाग द्वारा पीपीटी के माध्यम से तैयार किये गए डीएसआर को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन को रोकने और खनन को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट (डीएसआर) तैयार की गई है। उपायुक्त ने कहा कि जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करने के लिए निर्धारित नियमों, मानदंडों को ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट तैयार की जाए।

## अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 38 आवेदकों को मिली स्वीकृति




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : समाहरणालय सभाकक्ष में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 संशोधित अधिनियम 2016 के तहत जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समिति की बैठक की गई। बैठक में अधिनियम के तहत आए 38 आवेदनों की समीक्षा की गई। प्राप्त 38 आवेदनों में सभी आवेदनों को राशि भुगतान की स्वीकृति दी गयी। समिति ने निर्णय लिया कि जिनके दस्तावेज पूरे नही है उनके दस्तावेज प्राप्त कर राशि की भुकतान की जाएगी। बैठक में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, डीएसपी मुख्यालय-1 शंकर कामती, बीडीओ तोपचांची, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, गैर सरकारी सदस्य समेत अन्य मौजूद रहें।

# झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य श्रीमती आभा वीरेंद्र अकिंचन एवं सुश्री रूचि कुजूर ने किया धनबाद जिला का दौरा

▶ खुशहाल नौनिहाल तो बेमिसाल बनेगा समाज- सुश्री रूचि कुजूर

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : झारखण्ड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग झारखण्ड सरकार की दो सदस्य श्रीमती आभा वीरेंद्र अकिंचन और सुश्री रूचि कुजूर ने धनबाद जिला का दौरा किया।

सर्वप्रथम परिसदन में सदस्य श्रीमती आभा वीरेंद्र अकिंचन और सुश्री रूचि कुजूर की अध्यक्षता बैठक की गई। जिसमें पिछले दिनों घटित घटना नाबालिक गैंग रेप,नाबालिक शारीरिक यातना, साथ मे लापता बच्चे से सम्बंधित केस के निपटारा, बाल नशा के रोकथाम, नशीली पदार्थो के बिक्री के मानको का पालन,शराब दुकान में नाबालिक का रोकथाम, नशापान के हानि उसके लिए जागरूकता अभियान में तेज़ी के लिए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को दिशा निर्देश दिया गया।

तत्पश्चात झारखण्ड शिक्षा परियोजना द्वारा आयोजित जिला स्कूल धनबाद जिला स्तरीय टी एल एम मेला में स्टाल का विजिट किया। जिसमें पूर्वी टुंडी, बाघमारा, निरसा, गिविंदपुर, बलियापुर, झरिया के प्रखंड संसाधन केंद्र द्वारा आकर्षक तरीके से वेस्ट मटेरियल को प्रयोग करते हुए पढ़ाई मटेरियल बनाया था, जिसमे बच्चे रूचि पूर्वक ध्यान दें रहें थे।

बाल सुधार गृह सरायढेला जा कर सदस्य ने पीड़ित से मिल कर उनसे जानकारी प्राप्त किया। मौके पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी श्रीमती साधना कुमारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्री विजय कुमार, सदस्य सी डब्लू सी श्रीमती ममता अरोरा,डी एस पी (लॉ एंड आर्डर) दीपक कुमार समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

# चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी : सरस्वती विद्या मंदिर सिंदरी में सफल इंडिया के द्वारा चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें कक्षा चतुर्थ से अष्टम तक के109 भैया बहनों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि कृष्णा( चित्रकार) सुनील कुमार पाठक (प्राचार्य) भक्तकर दास(कार्यक्रम प्रमुख )राजू मंडल (सचिव सफल इंडिया ) बबली सिंह (सहसचिव सफल इंडिया ) सफल इंडिया के सदस्यगण क्रमशः प्रदीप महतो, सूरज कुमार, विशाल शर्मा, दीपक कुमार, सतविंदर सिंह ,राजकुमारी मंडल ,किरण देवी ,मिनी कुमारी काजल कुमारी




,राधिका कुमारी के साथ पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था। सुनील कुमार पाठक ने कहा कला से मन में एकाग्रता आती है। जिससे लक्ष्य भेदन आसान हो जाता है। हमारे मन मस्तिष्क को कला एक नई ऊर्जा प्रदान करती है । हमें कला शिक्षण पर ध्यान देनी चाहिए तथा भैया बहनों को सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रदान की।

प्रतियोगिता का परिणाम सफल इंडिया की कांड्रा शाखा में घोषित की जाएगी।



## दिवंगत पति के बदले में नियोजन की लड़ाई लड़ रही पिंकी वर्मा को गुरुवार को सफलता मिली

पोलिट लाइव रिपोर्टर



तिसरा: पति के बदले में नियोजन की लड़ाई लड़ रही पिंकी वर्मा को गुरुवार को सफलता मिली! के ओसीपी प्रबंधन द्वारा प्रोविजनल जॉइनिंग दिया गया! प्रोविजनल जॉइनिंग मिलने से पिंकी वर्मा के परिजनों में खुशी की लहर है! बताते हैं कि पिंकी वर्मा के पति जितेंद्र कुमार सोनी बस्ताकोला क्षेत्र के केओसीपी एसबीए के पद पर कार्यरत थे! पाथरडीह स्थित घर से ड्यूटी आने के दौरान 26 मई 2023 को सड़क दुर्घटना हो गई थी! जिनमें उनकी मौत सेंट्रल अस्पताल धनबाद में हो गई थी! 27 मई 2023 को केओसीपी कार्यालय में प्रबंधन के साथ समझौता हुआ था कि सभी दस्तावेज जमा करने के बाद पत्नी पिंकी वर्मा को प्रोविजनल जॉइनिंग दिया जाएगा! कुछ माह बाद जब सभी दस्तावेज जमा किए जाने पर बस्ताकोला क्षेत्रीय प्रबंधन प्रोविजनल ज्वाइनिंग देने में आनाकानी करने लगे! तो पत्नी पिंकी वर्मा 19 जून 2024 से गोलकडीह कार्यालय के मुख्य द्वार पर क्रमिक भूख हड़ताल में बैठ गई! इसके बाद प्रबंधन रेस हुआ और आज 27 जून को प्रोविजनल जॉइनिंग प्रबंधन की ओर से दिया गया! इस अवसर पर केओसीपी परियोजना पदाधिकारी संजीव कश्यप, कार्मिक प्रबंधक बि एल धोस के अलावे नेताओ मे तुलसी रवानी, हीरालाल गोराई,प्रभास सिंह, राजाराम पासवान भगवान प्रसाद नोनिया,काली पद रवानी आदि शामिल थे!

## तिसरा थाना प्रभारी ने दो स्थान से छापामारी कर फरार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया





पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा: तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर दो स्थान से छापामारी कर पूर्व से फरार वारंटी को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया गया। तीसरा थाना प्रभारी ने धनबाद विनोद नगर से आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कांड संख्या 61/21 के तहत ढाई साल से फरार वारंटी को उनके घर से पकड़ कर जेल भेजा। जबकि जग धौरा से फरार वारंटी जितेंद्र कुमार उर्फ चमनिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। तीसरा थाना प्रभारी लगातार छापामारी से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। थाना प्रभारी ने कहा कि अपराध पर पूरी तरह नियंत्रित करेंगे। उन्होंने कहां के पुलिस जनता के लिए है किसी को भी कोई भी समस्या हो तो हमको सूचना करें हम तुरंत वहां आएंगे किसी भी कीमत पर अवैध काम नहीं होने देंगे।

## सिंदरी में आंगनबाड़ी सेविका पद के लिए आम सभा स्थगित, 10 दिन बाद होगी पुनः चयन प्रक्रिया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

सिंदरी : इंद्रनगर साथी क्लब दुर्गा मंडप आई एम टाइप रांगामाटी कॉलोनी (सिंदरी) सहरपुरा में आंगनबाड़ी सेविका पद के लिए आम सभा का आयोजन किया गया था। यह सभा झरिया अंचल के सीडीपीओ हल्का रानी की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित की गई थी।

सभा में महिला पर्यवेक्षिका कुंती कुमारी,और डीएवी टाशरा उच्च विद्यालय के उमेश दुबे, मृत्युंजय कुमार भी उपस्थित थे।

सभा में भाग लेने वाली महिलाएं मीना कुमारी,पूजा कुमारी,एवम् अन्य सभी आवेदिकाओ ने कहा कि उन्हें यह सूचना नहीं दी गई थी कि केवल झरिया ब्लॉक की ही आवासीय महिलाएं आवेदन कर सकती हैं। उसके बाद हो हंगामा होने लगा, इस कारण किसी का भी आवेदन स्वीकृत नहीं किया गया। चयन प्रक्रिया को स्थगित करते हुए 10 दिन बाद फिर से उसी स्थान पर चयन प्रक्रिया आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

आवेदन करने वाली महिलाओं के लिए निम्नलिखित शर्तें अनिवार्य हैं:

आवेदिका की उम्र 18 से 35 साल के बीच होनी चाहिए ।आवेदिका पोषक क्षेत्र की बहू होनी चाहिए। पोषक क्षेत्र से बाहर की आवेदिका का आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।आवेदिका के पास सभी आवश्यक दस्तावेज होने चाहिए।

आंगनबाड़ी सेविका पद के लिए आवेदिका के पास इंटरमीडिएट (12वीं) की शैक्षणिक योग्यता होनी चाहिए। आंगनबाड़ी सहायिका के लिए 10वीं पास होना अनिवार्य है। आधार कार्ड होना अनिवार्य है।झरिया ब्लॉक का आवासीय प्रमाणपत्र होना अनिवार्य है। जाति प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

शहरपुरा पोषक क्षेत्र के सीमा निर्धारित हैं:

- पूर्व में: सुदामा चौधरी
- पश्चिम में: रामेश्वर प्रसाद सिंह
- उत्तर में: धर्मराज उपाध्याय
- दक्षिण में: मोहन प्रसाद सिंह

चयन प्रक्रिया अब 10 दिनों के बाद पुनः आयोजित की जाएगी।



# उत्क्रमित उच्च विद्यालय पथूरिया गोविंदपुर के नव निर्मित भवन का उद्घाटन सिंदरी विधायक पत्नी तारा देवी ने फीता काटकर किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर






गोविंदपुर : उच्च विद्यालय पथुरिया नवनिर्मित भवन का हुआ उद्घाटन,कई साल से निर्माण हो रहे प्रतीक्षा रत नवनिर्मित भवन का अंततह आज उद्घाटन विधायक की पत्नी श्रीमती तारा देवी, जिला परिषद प्रतिनिधि मन्नू आलम, मुखिया प्रतिनिधि पथुरिया अनवर अंसारी एवं लायंस क्लब अध्यक्ष लायन डॉक्टर आरके शर्मा के संयुक्त कर कमलों से नारियल फोड़ कर फिता काटकर एवं दीप जलाकर किया गया ! छात्र-छात्राओं का लंबे समय से चल रही प्रतीक्षा आज समाप्त हुई ! विगत 12 वर्षों से उच्च विद्यालय पथुरिया मध्य विद्यालय में ही चलाई जा रही थी जिसके कारण वहां पढ़ रहे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, वहां मध्य विद्यालय होने के कारण कमरों की संख्या कम थी जिसके कारण लगभग 1100 बच्चों को पढ़ाना काफी मुश्किल काम था किसी तरह से व्यवस्था करके वहां के बच्चों को शिक्षा दी जा रही थी परंतु अब वह प्रतीक्षा समाप्त हुई और आज नवनिर्मित भवन में उच्च विद्यालय शिफ्ट हो गया !अब यहां नवनिर्मित भवन में नवम एवं दशम् वर्ग की पढ़ाई होगी और मध्य विद्यालय पथुरिया में एक से आठ वर्ग की पढ़ाई होगी नवनिर्मित भवन में अभी काफी समस्याओं का अंबार लगा है, बिजली नहीं है ,पानी नहीं है ,शौचालय नहीं हैं, सड़क नहीं है ,चहरदिवारी नहीं है पंखे नहीं है टेबल कुर्सी नहीं है काफी समस्याएं हैं! जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाया गया है कि आप सब अपने-अपने मद से इस विद्यालय का उद्धार करें! यहां पढ़ने वाले बच्चों और बच्चियों की समस्याओं को समझते हुए यथाशीघ्र पानी की व्यवस्था शौचालय की व्यवस्था सड़क बिजली बेंच डेस्क की व्यवस्था बाउंड्री की व्यवस्था करवाने का कष्ट करें ऐसा आग्रह सभी जनप्रतिनिधियों से किया गया! कार्यक्रम का प्रारंभ नारियल फोड़ कर फीता काटकर दीपक जलाकर किया गया तत्पश्चात बुके एवं माला देकर सभी जनप्रतिनिधि एवं अतिथियों का स्वागत किया गया! स्वागत भाषण विद्यालय के प्रभारी मोहम्मद अशरफ अंसारी के द्वारा किया गया, कार्यक्रम का संचालन सीताराम वर्मा एवं मनोज कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया धनयवाद ज्ञापन चिन्मय प्रकाश के द्वारा किया गया! इस कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र के जाने जाने लोग पंचायत समिति सदस्य लोग ग्राम शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्य गण विद्यालय के सभी शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रम का आनंद उठाएं !नये भवन में विद्यालय शिफ्ट होने और उद्घाटन कार्यक्रम हो जाने से बच्चों में काफी उत्साह देखा गया !काफी संख्या में बच्चे आए थे , इस विद्यालय का उद्घाटन हो जाने से और उच्च विद्यालय अलग हो जाने से बच्चों को बैठाने में कोई परेशानी नहीं होगी थोड़ी अव्यवस्था है धीरे-धीरे ठीक हो जाएगा और जनप्रतिनिधियों ने भी आश्वासन दिया है कि हम सभी मिलकर इस विद्यालय की जो बेसिक आवश्यकता है जो मूलभूत समस्याएं हैं उसका निदान अविलंब करने का प्रयास करेंगे !धन्यवाद !विद्यालय के शिक्षिका नमिता दास ,बबीता जी एवं शिक्षिका बहनें , शिक्षक साधु जी, शाहिद जी ,आनंद गिरि जी ,सादिक जी ,पीटी शिक्षक आदि उपस्थित रहे! कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि श्रीमती तारा देवी जिला परिषद प्रतिनिधि मोहम्मद मनु आलम मुखिया पति मोहम्मद अनवर अंसारी , एमसी अध्यक्ष भीम दास , दिनेश मणि लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ आर के शर्मा ने संबोधित किया !

## कुज़ामा में हो रहे चोरी अपराध के खिलाफ पुलिस प्रशासन का पुतला दहन सीपीएम ने किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर




तिसरा : कुजामा में सीपीएम मधुबन शाखा 2 के बैनर पर कुज़ामा में हो रहे चोरी के खिलाफ पुलिस प्रशासन का पुतला दहन किया गया इस अवसर में बड़ी संख्याओं में औरत मर्द और महिलाओं ने हिस्सा लेते हुए लोदना ओपी के खिलाफ में जमकर नारेबाजी किया गया |

कुजाम में हो रहे चोरी पर रोक लगाने की मांग की गई और चोरों को अभिलंब गिरफ्तारी करने का भी मांग किया गया पिछले कई दिनों से कुजा मन के घरों में लाखों रुपए की चोरी किया गया 18 जून 2024 को गोरखपुरी कैंप स्थित में दुकान में चोरी कर लिया गया बबलू साव के दुकान में हजारों रूपये की चोरी हो गई जिसकी शिकायत लोदना में किया गया लेकिन अभी तक लोदना पुलिस चुप्पी साधे बैठी हुई है जिसके खिलाफ में लोगों का जन आक्रोश उमड़ पड़ा इस कार्यक्रम में शाखा सचिव कुंदन पासवान अनिल पासवान किशन भैया शांति देवी बबिता देवी मालती देवी माला देवी शीला देवी आदि सैकड़ो लोगों उपस्थित थे।

## रांची रिम्स में ईलाजरत मरीज को संस्था ने 2 यूनिट रक्त उपलब्ध कराया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



रांची: राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में ईलाजरत 24 वर्षीय मरीज रंजीत कुम्हार के लिए डॉक्टर ने तत्काल 2 यूनिट ए पॉजिटिव रक्त व्यवस्था करने की सलाह मरीज के परिजन को दिया क्योंकि मरीज के शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बहुत कम हो गई थी दूसरे जिले के होने के कारण घर वालों को रक्त मिल पाने में बहुत कठिनाई हो रही थी फिर किसी ने उन्हें समाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के बारे में बताया और सहायता मांगने की बात कही इसके पश्चात मरीज के परिजन ने संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान से संपर्क कर अपने मरीज के लिए दो यूनिट रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया जिसके बाद श्री चौहान ने एक यूनिट समाजसेवी विद्याभूषण कुमार के माध्यम से तथा एक यूनिट स्वयं रांची के हेल्थ पॉइंट ब्लड सेंटर के प्रबंधक से बात कर रक्त प्रदान करने का अनुरोध किया जिसे स्वीकार कर ब्लड सेंटर द्वारा रक्त प्रदान कर दी गई।

श्री चौहान ने कहा इन्हें पहले भी संस्था के द्वारा धनबाद में रक्त उपलब्ध कराई जा चुकी हैं, और आज रांची में भी इन्हें रक्त की आवश्यकता पड़ने पर छोटे भाई विद्याभूषण ज़ी तथा हेल्थ पॉइंट ब्लड सेंटर के द्वारा इनकी मदद की गई।

## टुंडी थाना क्षेत्र से एक ही दिन में दो अलग-अलग स्थानों से दो बाइक चोरी दोनों मामले कि टुंडी थाना में की गई है शिकायत

पोलिट लाइव रिपोर्टर

टुंडी : टुंडी थाना क्षेत्र से गुरुवार को दो बाइक चोरी की समाचार है। दो अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी की घटना में पहला कमारडीह पंचायत के भोजूडीह गांव से गुरुवार को बलराम महतो नामक युवक की स्प्लेंडर बाइक चोरी हो गई । पीड़ित बलराम महतो ने बताया कि रोज की तरह वह अपने बाइक संख्या जेएच10 बीआर/4348 से नहाने के लिए तालाब गया था।

बाइक खड़ी कर तालाब में नहा रहा था इसी दौरान कोई अज्ञात व्यक्ति बाइक चुराकर भाग गया। आसपास गांव में काफी खोजबीन करने पर भी पता नहीं चला जिसके बाद बाइक चोरी की लिखित शिकायत टुंडी थाना में की गई। वहीं दूसरी घटना टुंडी थाना क्षेत्र के बरवाटांड पंचायत अंतर्गत फुलझर गांव निवासी गोपाल महतो कि जेएच10 एटी/4318 नम्बर की स्प्लेंडर प्लस बाइक रामनगर के पास से चोरी हो गई। इस संबंध में गोपाल महतो ने बताया कि रामनगर के पास सड़क किनारे गाड़ी खड़ा कर वह सौच के लिए गया था इसी क्रम कोई उसकी बाइक ले भागा। घटना के संबंध में टुंडी थाना प्रभारी असीम कमल टोपनो ने बताया कि मामले से संबंधित सूचना मिली है फिलहाल छानबीन की जा रही है।

## आइसलैंड के प्रधानमंत्री बजरनी बेनेडिक्टसन ने गुरूदेव श्री श्री रवि शंकर का किया शानदार स्वागत

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : आर्ट ऑफ़ लिविंग के संस्थापक, वैश्विक आध्यात्मिक गुरू और मानवतावादी, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर का आइसलैंड के प्रधानमंत्री बजरनी बेनेडिक्टसन ने रेक्जाविक में जोरदार स्वागत किया।

एक प्रेस विगप्ती जारी कर संस्था के मीडिया प्रभारी अजय मुखर्जी ने जानकारी दी।

उनकी बैठक में यूरोप में वर्तमान शांति स्थिति, मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों पर ध्यान देने की आवश्यकता और सामाजिक समृद्धि के लिए व्यक्तिगत कल्याण को केंद्र में रखने के महत्व पर बल दिया गया।

गुरुदेव ने आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था के सेवाकार्यों के बारे में बताया जो प्राचीन ध्यान पद्धतियों और श्वास तकनीकों का उपयोग करके, लोगों को तनाव और चिंता से छुटकारा पाने में मदद करती है और साथ ही समग्र शारीरिक और मानसिक कल्याण को भी बढ़ावा देती है। गुरुदेव ने यह भी बताया कि कैसे आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था, डेनमार्क में कैदियों और गिरोह के सदस्यों को 'ब्रीद स्मार्ट' कार्यक्रम के साथ पुनर्वासित कर रही है ताकि अपराधियों में हिंसा और नशीली दवाओं की लत को समाप्त किया जा सके; साथ ही आंतरिक शांति और एक-दूसरे के प्रति देखभाल की भावना को बढ़ावा दिया जा सके।

बैठक के दौरान, आर्ट ऑफ़ लिविंग के संस्थापक ने जलवायु परिवर्तन से निपटने में आइसलैंड के योगदान के लिए प्रधानमंत्री बेनेडिक्टसन की भी जमकर सराहना की। आइसलैंड का लगभग 100% बिजली उत्पादन नवीकरणीय स्रोतों से आता है।

गुरुदेव ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के कई कार्यक्रम में बैठक और सम्बोधन के बाद, संयुक्त राज्य अमेरिका में सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेने से पूर्व आइसलैंड का दौरा किया।

# तेज रफ्तार बेकाबू हाईवा ने कार को मारी जोरदार टक्कर,4 लोग गंभीर रूप से घायल

पोलिट लाइव रिपोर्टर





गोड्डा : राज्य में तेज रफ्तार के कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है इसकी चपेट में आने से आए दिन लोग अपनी जान गवा रहे हैं एक ऐसा ही मामला गोड्डा जिले के घोरीचौक देखने को मिला है जहां अहले सुबह तेज रफ्तार से आ रहे बालू लोडेड महालक्ष्मी ट्रांसपोर्ट की गाड़ी ने बेकाबू होकर पीरपैंती मुख्य मार्ग एनएच133 घोरीचक पेट्रोल पंप के पास में एक स्विफ्ट डिजायर कार को जोरदार टक्कर मार दिया हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परकच्चे उड़ गए रिपोटर्स के मुताबिक ट्रांसपोर्ट के गाड़ी ने कार को जैसे ही जोरदार टक्कर मारा कार का एयरबैग खुल गया जिससे सभी कर सवार लोगों की जान बच गई हादसे के वक्त कार में चार लोग सवार थे, इधर इस घटना की जानकारी देते हुए बलबड्डा थाना प्रभारी राहुल कुमार चौबे ने बताया कि महागामा से घोरीचक की और हाईवा जा रहा था जबकी स्विफ्ट डिजायर कार घोरीचक से महागामा के और आ रही थी इसी बीच अचानक तेज गति आ रहे हाईवा ने कार को टक्कर मार दी जिससे कार के परखकच्चे उड़ गए हादसे के वक्त कर में सवार सभी चार लोगों की जान बच गई जानकारी के अनुसार हादसे के समय सुजीत कुमार भगत लाल कुमार यादव अनीश कुमार भगत रोहित कुमार मंडल कार में सवार थे सभी पथरगामा के रहने वाले हैं| हादसे के बाद सभी युवा घायल हैं जिन्हें घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे बलबड्डा थाना पुलिस ने आनन-फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहरमा भेज दिया जहां सभी का इलाज किया जा रहा है वहीं अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर विवेक कुमार सिन्हा ने बताया कि चारों घायल को अस्पताल लाया गया था दो घायलों को सीरियस देखते हुए भागलपुर के मायागंज रेफर कर दिया गया है दो घायल का स्थिति नियंत्रण में है जिन्हें हल्की छोटे आई है उनका इलाज मेहरमा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है हादसे के बाद बलबड्डा पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कर के बीच सड़क से हटाकर यातायात को सुचारू कराया गया हादसा इतना भीषण था कि कार पूरी तरह कबाड़ में तब्दील हो गई.

## पोड़ैयाहाट धुलीडीह के एक घर में चार गाँव के लोगो ने ताबड़तोड़ तोड़फोड़ किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोड्डा : पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के धुलीडीह गांव के एक घर में ताबड़तोड़ तोड़फोड़, प्राप्त जानकारी के अनुसार चार गांव के लोगों ने आमिर अंसारी, गम्भीर अंसारी, समीम अंसारी, नईम अंसारी का घर में किया हमला, ग्रुप लोन लेकर अवैध रूप से पैसे लेने का आप में घटना को दिया गया अंजाम।

## महिला समूह के खाते से लाखों रुपया का फर्जीवाड़ा



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोड्डा : जिला में महिला समूह के खाते से लाखों रुपया का फर्जीवाड़ा, बैंक सखी व महिला समूह अध्यक्ष द्वारा फर्जी तरीके से निकासी का लगाया आरोप, मामला गोड्डा सदर प्रखण्ड के पांडुबथान पंचायत के पुनसिया व धर्मूडीह गांव की है, जहा पंचायत अध्यक्षा व बैंक सखी द्वारा फर्जी तरीके से राधा महिला समूह , दुर्गा महिला समूह व कृष्ण महिला समूह से लगभग 10 लाख रुपए का निकासी कर लेने की बाते कही जा रही है, इसको लेकर सभी महिलाये उपायुक्त से मिलकर घटना की जानकारी देने पहुंची.

## महागामा का सरकारी सदर अस्पताल के कारनामे, 5g स्पीड में प्लास्टर, युवक के पेंट के ऊपर ही कर दिया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोड्डा : महागामा अनुमंडल क्षेत्र सरकारी सदर अस्पताल बना 5G का अस्पताल इस तस्वीर पर दिख रहा है एक मरीज को पेट के ऊपर ही कर दिया प्लास्टर यह है सरकारी कामकाज का दफ्तर इसे कहते हैं सरकारी अस्पताल आजकल 5G का जमाना है इतना अच्छा इलाज और कहां हो सकता है तो आ जाइए हमारा महागामा अस्पताल में इसी तरह का इलाज देखने को मिलेगा| स्वास्थ्य विभाग के कर्तव्यपरायणता और सेवा भाव का अनूठा उदाहरण महागामा सीएचसी से घायल व्यक्ति के जख्मी पैर में पैंट के ऊपर से ही मरहम पट्टी करके सदर अस्पताल रेफर करकर स्वास्थ्यकर्मी पुण्य के भागी बन गए!

## व्यापार मंडल टुंडी में सरकारी धान बीज बिक्री केंद्र का उद्घाटन



पोलिट लाइव रिपोर्टर

टुंडी : टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने गुरुवार को टुंडी बाजार स्थित व्यापार मंडल सहयोग समिति लिमिटेड टुंडी केंद्र में धान बीज बिक्री केंद्र का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित कई किसानों को धान बीज का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित व्यापार मंडल के अध्यक्ष बद्री नारायण सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा किसानों के लिए सब्सिडी पर धान बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। गुरुवार को टुंडी मुख्यालय में इसकी विधिवत शुरुआत की गई है। इस अवसर पर टुंडी के प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेंद्र चौरसिया, प्रभारी कृषि पदाधिकारी बबलेश शाह, थाना प्रभारी असीम कमल टोपनो, शंकर चौधरी, बिटीटी संतोष कुमार, बसंत महतो, फूलचंद किस्कू , राजेश महतो, राजेंद्र मंडल, छोटू अंसारी आदि उपस्थित थे।

## बाइक चोर को बाइक मालिक बिनोद नगर निवासी एवं उनके साथियों ने खदेड़ कर टुंडी के लोधरिया के पास पकड़ा

पोलिट लाइव रिपोर्टर

टुंडी : धनबाद के कर्माटांड़ से गुरुवार को जेएच10सीएल/6778 नंबर की पल्सर बाइक चुरा कर भाग रहे बाइक चोर को बाइक मालिक धनबाद के विनोद नगर निवासी मोहम्मद राजा एवं उनके लगभग आधा दर्जन साथियों ने खदेड़ कर टुंडी के लोधरिया के पास पकड़ा। बाइक चोर को पकड़ने के बाद घटना की सूचना टुंडी थाने को देते हुए बाइक चोर को टुंडी पुलिस के हवाले कर दिया गया। छानबीन के क्रम में टुंडी पुलिस ने बाइक चोर के पास से एक मोबाइल भी जप्त किया है जिससे कई राज खुलने की उम्मीद है। पकड़ा गया बाइक चोर भी विनोद नगर निवासी सलामत अंसारी बताया जाता है। बाइक चोरी के इस मजेदार मामले में बाइक चोर ने भी अपनी बाइक चोरी होने की बात टुंडी पुलिस को बताई है तथा बाइक चोरी का आरोप पल्सर बाइक के मालिक पर ही लगाया है। छानबीन के क्रम में उक्त चोरी गया बाइक धनबाद के बैंक मोड़ थाना द्वारा जप्त करने की बात सामने आई है। टुंडी पुलिस द्वारा चोरी गए उक्त बाइक को बैंक मोड़ थाना से टुंडी थाना ले आया गया है। हालांकि इस दिलचस्प घटना का मास्टरमाइंड एक तीसरा व्यक्ति है जो फिलहाल फरार बताया जा रहा है। टुंडी पुलिस द्वारा दोनों बाइक चोरी के आरोपियों के मोबाइल को जप्त कर लिया गया है। टुंडी पुलिस का मानना है कि दोनों मोबाइलों में कई सारे सबूत कैद है घटना को लेकर छानबीन की जा रही है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि छानबीन में एक बड़े बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश हो सकती है।

# मध्यान्ह भोजन में दाल चावल सब्जी के जगह दिया जा रहा है मुढ़ी और चूड़ा,प्रधानाध्यापक को नहीं है करवाई का खौफ

विवेकानंद दास








गोड्डा: महागामा प्रखंड क्षेत्र के सिमराकित्ता घाट भंडारीडीह पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय मांगन पिपरा में शिक्षकों के मनमानी की खबर सामने आई है। वही ग्रामीण महेश पासवान ने बताया कि प्रधानाध्यापक नसीम अख्तर अपने मनमाने ढंग से मध्याह्न भोजन देते। विद्यालय के सरकारी मीनू का कोई ख्याल नहीं रखा जाता है। वहीं स्कूली बच्चे आयुष कुमार,अब्दुल गफ्फार के साथ-साथ दर्जनों बच्चों ने बताया कि पिछले दस दिनों से स्कूल में चूल्हा जला ही नहीं है और दाल,चावल, सब्जी के जगह मध्याह्न भोजन में चूड़ा और मुढ़ी दिया जा रहा है।बोलते दरमियान भी बच्चों के थाली में मुड़ी और चूड़ा देखा गया। आखिर प्रधानाध्यापक किसके सहारे पे इन मासूम गरीब बच्चें के निवाले को गोल कर दे रहे है। आखिर कब तक इन गरीब, शोषित,वंचित बच्चों के साथ ये लोग शोषण करते रहेंगे। कौन होगा इनका जिम्मेदार। क्या गरीब बच्चों को सरकार के तरफ से मिलने वाले मध्यान भोजन में चावल,दाल,सब्जी खाने का अधिकार नहीं हैं। जब विद्यालय इन सभी मामले को जानने 22 scope न्यूज चैनल के पत्रकार अजय मंडल पहुंचा तो पत्रकार अपना माइक निकाल प्रधानाध्यापक नसीम अख्तर से संपर्क करना चाहा तो सैकड़ो ग्रामीण के दरमियान ही विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक सुरेंद्र हासदा ने पत्रकार के माइक को तोड़ डाला व फोन को भी छिनने का प्रयास करने लगा वही मौके पर जब डिजिटल न्यूज चैनल सच तक भारत के पत्रकार ने वीडियो ऑन किया तो शिक्षक सुरेंद्र हासदा ने उन्हें भी भी 300 मीटर दूर तक हमला करने के मनसा से खदेड़ा। जब वीडियो बंद हुवा तो, पत्रकार के साथ हाथापाई व मारने का प्रयास भी किया गया।वही ग्रामीण माजिद काज़ी,महेश पासवान, कलीम आलम ,अजीत मोदी, गणेश पासवान,सुरेश शाह,राशिद आलम के साथ साथ सैकड़ो ग्रामीण ने जिला शिक्षा पदाधिकारी व उपायुक्त महोदय से मामले का जांच कर उचित करवाई का मांग किया।